दैनिक भास्कर 06/06/2024

जागरूकता रैली निकाल विद्यार्थियों ने पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में गर्ल्स एनसीसी विंग द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाल लोगों को पर्यावरण को साफ रखने, प्लास्टिक का प्रयोग न करने और पेड़ पौधे लगाने संबंधी प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि इस दिन को मनाने का मकसद पर्यावरण को होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने बताया कि कैडेट्स द्वारा कॉलेज परिसर में शाम को पौधारोपण किया जाएगा।